Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to accord 'Bharat Ratna' to Shri Kanshi Ram, founder of Bahujan Samaj Party (BSP).

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मान्यवर कांशी राम साहब जी करोड़ों दलितों, शोषितों और वंचितों के मसीहा हैं। इन्होंने अपने सामाजिक कार्यों से देश के सबसे वंचित और पिछड़े वर्ग को जागरुक कर के देश की मुख्य धारा, चाहे वह राजनीतिक रही हो या सामाजिक रही हो, उसमें लाने का काम किया है। आज उनकी मृत्यु के **18** वर्ष उपरांत भी मान्यवर साहब करोड़ों लोगों को अपने हक-हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरणा देने का काम करते हैं। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कुमारी मायावती जी ने अपने वक्तव्य में इस बात को रखने का काम किया है कि बहुजन समाज पार्टी मान्यवर कांशी राम साहब जी को भारत रत्न की उपाधि दिलाने के लिए पुरजोर अपनी मांग लोक सभा में रखने का काम करेगी।

आज उसी मुद्दे को लेकर हमारी पार्टी बहन कुमारी मायावती जी के निर्देशों पर इस देश के सबसे बड़े सामाजिक परिवर्तक को भारत रत्न दिलाने के लिए आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी को बताना चाहती है। यदि समाज के सबसे वंचित और शोषित लोगों के मसीहा को यह भारत रत्न नहीं दिया जाता है, तो यह सरकार की इन वर्गों के प्रति उसकी गैर-जिम्मेदारी को दिखाने का काम करेगी।

अत: आपके माध्यम से निवेदन है कि मान्यवर कांशी राम साहब जी को भारत रत्न की उपाधि प्रदान की जाए। धन्यवाद।